# वैश्विक कारकों पर निवेशकों की नजर

## संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 82,626.76 अंक पर बंद हुआ

**मुंबई, 15 फरवरी.आईटी कंपनियों पर दबाव से घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह गिरावट देखी गयी और अब आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर ज्यादा रहेगी. घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह आयात-निर्यात के आंकड़े जारी होने हैं. इससे बाजार में निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है. निवेशक वैश्विक कारकों से संकेत लेकर अपनी रणनीति तय कर सकते हैं.**

बीते सप्ताह आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट देखी गयी. इसका प्रमुख कारण एक अमेरिकी कंपनी द्वारा एआई समर्थित एक ऐसे टूल के विकास की खबर है जिससे



भारतीय आईटी कंपनियों को मिलने वाले ऑर्डर के प्रभावित होने की आशंका है. बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 953.64 अंक (1.14 प्रतिशत) की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 82,626.76 अंक पर बंद हुआ. इसमें पहले दो दिन तेजी और बाद के तीन दिन गिरावट रही. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 222.60 अंक यानी 0.87 फीसदी उतरकर सप्ताहांत पर 25,471.10 अंक पर रहा.

सेंसेक्स में सबसे ज्यादा साप्ताहिक नुकसान उठाने वाली चारों कंपनियां आईटी क्षेत्र की रहीं. इंफोसिस का शेयर 9.12 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 8.70 प्रतिशत, टीसीएस का 8.48 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 5.18 प्रतिशत गिर गया. एफएमसीजी कंपनियों में हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 4.89 फीसदी और आईटीसी का 3.82 फीसदी गिर गया जबकि ट्रेंट में 3.22 प्रतिशत की तेजी रही. बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सेंसक्स में सबसे ज्यादा 12.42 प्रतिशत उछला. बजाज फाइनेंस में 4.32 प्रतिशत, आईसी आईसीआई बैंक में 0.55 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 0.01 प्रतिशत की तेजी रही.


# यूपी और दिल्ली में उज्ज्वला लाभार्थियों को तोहफा

**नई दिल्ली/लखनऊ, 15 फरवरी.** होली से पहले लाखों परिवारों के लिए बड़ी राहत की खबर है. उत्तर प्रदेश और दिल्ली में पात्र लाभार्थियों को मुफ्त एलपीजी सिलेंडर दिया जाएगा. उत्तर प्रदेश में करीब 1.86 करोड़ महिला लाभार्थियों को इसका फायदा मिलेगा, जबकि दिल्ली में वैध राशन कार्ड धारकों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए राशि ट्रांसफर की जाएगी. त्योहारी सीजन में रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के बीच यह कदम परिवारों के बजट को राहत देने वाला माना जा रहा है. राज्य सरकारों ने इसके लिए बजट भी आवंटित कर दिया है, जिससे त्योहार के दौरान रसोई का खर्च कम होगा और जरूरतमंद परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा.

# कार्बन कटौती में ऐतिहासिक जिम्मेदारी जरूरी

**सीतारमण ने विकसित देशों से संतुलित दृष्टिकोण अपनाने को कहा**

**जलवायु सुरक्षा पर आयोजित एक परिचर्चा में वित मंत्री ने यह बात कही**



उन्होंने कहा कि भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं में से दो-तिहाई को लक्षित समय से पहले हासिल कर लिया है. इससे पहले म्यूनिख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थानीय भारतीय महावाणिज्य दूत शत्रु सिन्हा ने श्रीमती सीतारमण का स्वागत किया. यहां उनका म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन और कई परिचर्चाओं में भाग लेने का कार्यक्रम है. वह विभिन्न देशों के मंत्रियों और बहुस्तरीय संगठनों के प्रमुखों से भी द्विपक्षीय बैठकें करेंगी.

**म्युनिख, 15 फरवरी. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जर्मनी के म्युनिख में शनिवार को एक परिचर्चा में कार्बन उत्सर्जन पर विकसित और विकासशील देशों के लिए अलग-अलग जिम्मेदार तय करने की मांग करते हुए कहा कि जिन देशों ने पहले कम उत्सर्जन किया है उन्हें ज्यादा उत्सर्जन करने वाले देशों के बराबर कीमत चुकाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता.**

जर्मनी की यात्रा पर आयीं श्रीमती सीतारमण ने धरती के बढ़ते तापमान के बीच जलवायु सुरक्षा पर आयोजित एक परिचर्चा में कहा, ऐसा नहीं हो सकता कि जिन देशों का उत्सर्जन में कम योगदान रहा है उन्हें भी बराबर कीमत चुकाने के लिए मजबूर किया जाये. जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के उपाय में भी सबका योगदान अलग-अलग तय करना होगा. उन्होंने कहा कि भारत ने इन उपायों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बढ़ायी है. छह साल पहले इस मद में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.7 प्रतिशत खर्च किया जाता था, आज यह आंकड़ा बढ़कर 5.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है. भारत ने बाहर से वित्तीय मदद या प्रौद्योगिकी का इंतजार किये बिना इसमें निवेश किया है. वित्त मंत्री ने भरोसा दिलाया कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा पर निवेश करता रहेगा और उस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहा है. वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में भी कार्बन उत्सर्जन कम करने की रणनीतियों पर निवेश किया गया है ताकि पूरे देश में उन्हें लागू किया जा सके.



# चावल, गेहूं में साप्ताहिक गिरावट

## चीनी, खाद्य तेल मजबूत, दालों में घटबढ़

**नई दिल्ली, 15 फरवरी. घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव घट गये. चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही. चीनी और खाद्य तेलों के दाम बढ़ गये जबकि दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा.**

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 69 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी. गेहूं सात रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,856 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका. आटा चार रुपये चढ़कर 3,341 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया. बीते सप्ताह खाद्य तेलों में तेजी रही. मूंगफली तेल की औसत कीमत 319 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी. सूरजमुखी तेल का भाव 256 रुपये और पाम ऑयल का 222 रुपये बढ़ा. सोया तेल 105 रुपये और सरसों तेल 78 रुपये महंगा हुआ.

# सीनियर सिटीजंस स्कीम में 8.2% ब्याज

## 30 लाख निवेश पर तिमाही रु. 61,500 तक आय

**नई दिल्ली, 15 फरवरी. सरकारी योजना में फिलहाल 8.2% सालाना ब्याज दिया जा रहा है, जो अन्य पारंपरिक बचत योजनाओं की तुलना में आकर्षक माना जाता है. खास बात यह है कि इस स्कीम में ब्याज तिमाही आधार पर सीधे खाते में जमा होता है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को नियमित कैश फ्लो मिलता रहता है.**

यदि कोई निवेशक अधिकतम 30 लाख रुपए निवेश करता है, तो उसे सालाना 2,46,000 रुपए तक ब्याज मिल सकता है. यानी हर तीन महीने में 61,500 रुपए और औसतन करीब 20,500 रुपए प्रतिमाह की आय सुनिश्चित की जा सकती है. सुरक्षित रिटर्न, सरकारी गारंटी और टैक्स लाभ जैसी सुविधाओं के कारण यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के बीच काफी लोकप्रिय है. पोस्ट ऑफिस की सीनियर सिटीजंस सेविंग्स स्कीम विशेष रूप से 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए बनाई गई है.

हालांकि 55 से 60 वर्ष के वे व्यक्ति जिन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है, और 50 से 60 वर्ष के बीच के रिटायर्ड रक्षा कर्मी भी निर्धारित शर्तों के तहत इसमें निवेश कर सकते हैं. इस योजना में न्यूनतम 1,000 रुपए से खाता खोला जा सकता है, जबकि अधिकतम निवेश सीमा 30 लाख रुपए है. वर्तमान में 8.2% वार्षिक ब्याज दर के हिसाब से यदि कोई व्यक्ति 30 लाख रुपए निवेश करता है, तो उसे सालाना 2,46,000 रुपए ब्याज मिलेगा.



**वरिष्ठ नागरिकों को यह योजना आर्थिक स्थिरता देगी**

आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत निवेशक 1.5 लाख रुपए तक की कटौती का दावा कर सकते हैं. हालांकि ब्याज आय कर योग्य होती है. ध्यान देने वाली बात यह है कि यदि निवेशक तिमाही ब्याज नहीं निकालता, तो उस पर अतिरिक्त ब्याज का लाभ नहीं मिलता. इसलिए इसे नियमित आय योजना के रूप में समझना ज्यादा उचित है. सुरक्षा, निश्चित रिटर्न और सरकारी भरोसे के कारण यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए रिटायरमेंट के बाद आर्थिक स्थिरता का मजबूत साधन बन सकती है.



# 6 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,00,706 करोड़ घटा

**मुंबई, 15 फरवरी.आईटी कंपनियों पर दबाव से घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह गिरावट देखी गयी और अब आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर ज्यादा रहेगी. घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह आयात-निर्यात के आंकड़े जारी होने हैं. इससे बाजार में निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है. निवेशक वैश्विक कारकों से संकेत लेकर अपनी रणनीति तय कर सकते हैं.**

बीते सप्ताह आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट देखी गयी. इसका प्रमुख कारण एक अमेरिकी कंपनी द्वारा एआई समर्थित एक ऐसे टूल के विकास की खबर है जिससे भारतीय आईटी कंपनियों को मिलने वाले ऑर्डर के प्रभावित होने की आशंका है. बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 953.64 अंक (1.14 प्रतिशत) की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 82,626.76 अंक पर बंद हुआ. इसमें पहले दो दिन तेजी और बाद के तीन दिन गिरावट रही. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 222.60 अंक यानी 0.87 फीसदी उतरकर सप्ताहांत पर 25,471.10 अंक पर रहा. मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.37 प्रतिशत की गिरावट रही.

बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 26,414 करोड़ रुपये और निर्माण कंपनी एलएंडटी का 14,471 करोड़ रुपये बढ़ गया. आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 5,720 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई. बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज 19,21,476 करोड़ रुपये के साथ पहले स्थान पर रही. एचडीएफसी बैंक 13,93,622 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और भारती एयरटेल 11,43,044 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही.

# टाटा ग्रुप के दो शेयरों में घटी रिटेल हिस्सेदारी

## टाटा पावर और टाटा स्टील में कम हुआ निवेश

**मुंबई, 15 फरवरी. दिसंबर तिमाही की शेयरहोल्डिंग पैटर्न रिपोर्ट सामने आने के बाद टाटा ग्रुप की दो प्रमुख कंपनियों में रिटेल निवेशकों की घटती हिस्सेदारी ने बाजार का ध्यान खींचा है.**

हालिया आंकड़ों के मुताबिक, टाटा पॉवर कंपनी लिमिटेड और टाटा स्टील लिमिटेड में छोटे निवेशकों की संख्या सितंबर तिमाही के मुकाबले कम हुई है. हालांकि शेयरों के प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है,



लेकिन दीर्घकालिक रिटर्न और सेक्टर की संभावनाओं को लेकर निवेशकों की नजर बनी हुई है. सवाल यह है कि क्या यह गिरावट मुनाफावसूली का संकेत है या आगे की रणनीति का हिस्सा? इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, टाटा पावर कंपनी लिमिटेड में सितंबर तिमाही तक रिटेल निवेशकों की संख्या 43.36 लाख थी, जो दिसंबर 2025 तिमाही में घटकर 41.78 लाख रह गई. यानी एक तिमाही में करीब 1.58 लाख रिटेल निवेशकों ने अपनी हिस्सेदारी कम की. शुक्रवार को बीएसई पर टाटा पावर का शेयर 1.64% की गिरावट के साथ 374.15 रुपये पर बंद हुआ. पिछले एक वर्ष में इस शेयर ने 7.59% का रिटर्न दिया है.

# जियो समेत 10 देशों की 15 टेक कंपनियों ने बनाया 'ट्रस्टेड टेक एलायंस'

**म्यूनिख, 15 फरवरी.** रिलायंस जियो समेत अफ्रीका, एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका की 15 अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने 'ट्रस्टेड टेक एलायंस' (टीटीए) के गठन की घोषणा की है. जियो ने बताया कि यह गठबंधन संचार सुविधा, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और सत्यापित मानक विकसित करने के लिए साथ आये हैं.

# एफपीआई ने फरवरी में किया 29,714 करोड़ रुपये का निवेश

**मुंबई, 15 फरवरी. विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 29,714 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है.**

शुद्ध निवेश लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है. सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में इक्विटी में 19,675 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया. वहीं, हाइब्रिड उपकरणों में उन्होंने



1,078 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है. इस अवधि में उन्होंने शुद्ध रूप से 10,930 करोड़ रुपये लगाये. म्यूचुअल फंड में उनका शुद्ध निवेश 188 करोड़ रुपये रहा. एफपीआई दो महीने बाद भारतीय पूंजी बाजार में लिवाल दिख रहे हैं.

# भाजपा-अकाली गठजोड़ की अटकलें तेज

## राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के पैदल मार्च से मिले संकेत




**चण्डीगढ़. राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया चार दिन के पंजाब दौरे पर हैं. वे आमजन खासकर युवाओं के साथ बॉर्डर से सटे जिलों में नशा विरोधी जागरूकता मार्च निकाल रहे हैं. फिरोजपुर में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के साथ नशा विरोधी पैदल मार्च में सुखबीर बादल और अश्वनी शर्मा की मौजूदगी ने भाजपा-अकाली गठजोड़ की अटकलों को तेज कर दिया है.**

हालांकि यह एक जागरूकता मार्च था मगर राज्यपाल के साथ शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर और भाजपा के कार्यकारी प्रभारी अश्वनी शर्मा का होना, इस बात का इशारा कर रहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब की राजनीति करवट ले रही है.

इस पैदल मार्च में डेरा ब्यास मुखी गुरिंदर सिंह ढिल्लों की मौजूदगी से भी सियासी गलियारों में हलचल है. राज्यपाल कटारिया आमजन खासकर युवाओं के साथ बॉर्डर से सटे जिलों में नशा विरोधी जागरूकता मार्च निकाल रहे हैं. दौरे के दूसरे दिन फिरोजपुर में राज्यपाल का जागरूकता मार्च पंजाब के मौजूदा सियासी समीकरणों के मद्देनजर ज्यादा चर्चा में रहा. सूबे में शिअद फरवरी 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले किसी भी तरह भाजपा से गठजोड़ करना चाहता है, क्योंकि यह गठजोड़ पहले भी पंजाब में सरकार बना चुका है. इस बात पर पंजाब भाजपा के नेता भी दो धड़ों में बंटे हुए हैं.

# राज्यसभा में बढ़ेगी भाजपा की ताकत

## अप्रैल में खाली होंगी सात सीटें, किसे-कितनी सीटें मिलेंगी?

**मुंबई. लोकसभा चुनावों में बीजेपी को महाराष्ट्र में झटका लगा था. अब करीब दो साल बीजेपी को महाराष्ट्र से ही राज्यसभा में मजबूती मिलेगी. 2 अप्रैल को महाराष्ट्र से 7 राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है.**

जिन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उसमें एनसीपी प्रमुख शरद पवार, फौजिया खान (एसपी), प्रियंका चतुर्वेदी (ठाकरे गुट), रजनी पाटील (कांग्रेस), धैर्यशील पाटील (बीजेपी), भागवत कराड (बीजेपी) और रामदास आठवले (बीजेपी ) शामिल हैं. राज्य विधानसभा में मौजूदा संख्या बल को देखते हुए 7 में से 6 सीटों पर महायुति चुनाव जीतने की स्थिति में है.

**एमवीए की स्थिति कमजोर-** एक सीट महाविकास




आघाडी के खाते में जा सकती है. अप्रैल में राज्यसभा चुनाव के बाद राज्यसभा में बीजेपी के सदस्यों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है. उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने कहा है कि शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेता का दिल्ली में होना महाराष्ट्र के लिए जरूरी है. बता दें कि महाराष्ट्र से राज्यसभा की कुल 19 सीटें हैं. इनमें 12 सीटें एनडीए के पास हैं, जबकि 7 सीटें महाविकास आघाडी के पास हैं. अप्रैल 2026 के बाद यह आंकड़े बदल जाएंगे.

**एक सीट के कितने वोट चाहिए?:** जानकारों का कहना है कि विधानसभा में पार्टी के विधायकों की संख्या के आधार पर 7 सीटों में से बीजेपी को 4, राष्ट्रवादी को 1, शिंदे गुट को 1 सीट मिल सकती है. जबकि महाविकास आघाड़ी को सिर्फ 1 सीट से संतोष करना पड़ सकता है.

जानकारों का कहना है कि एक राज्यसभा सीट के लिए उम्मीदवार को 37.5 विधायकों के वोट चाहिए. विधानसभा में बीजेपी के पास निर्दलीयों सहित 137, शिंदे गुट के पास 60, एनसीपी (अजित गुट) के 41 विधायक चुने गए हैं. जबकि विपक्षी दलों उद्धव ठाकरे गुट के पास 20, कांग्रेस के 16 और शरद पवार गुट के 10 विधायक हैं. इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि 7 सीटों में से 6 सीटें महायुति को और 1 सीट महाविकास आघाड़ी को मिल सकती है.

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-टेण्डरीग सूचना-08/2025-26**
**दिनांकः 13.02.2026**

उपमुख्य अभियंता, (ट्रेकमशीन), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए काम करते हुये ई-टेण्डरीग द्वारा निम्नलिखित सामग्री/मदों की आपूर्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित करते है। टेन्डर प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 13.02.2026 को अपलोड कर दिये गये है। अतः पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। इन निविदाओं में कोई संशोधन, यदि आवश्यक हुआ तो टेन्डर खुलने की तिथि से 10 दिन पहले वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा इनको वेबवाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। जिसकी सूचना उपमुख्य अभियंता (ट्रैक मशीन), भोपाल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाया आयेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। सभी निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने से पहले वेबसाइट देख ले।

**कार्य का नामः** इन्टॉलेशन एण्ड इम्पिलीमेंटेशन ऑफ स्मार्ट ALC विथ सॉफ्टवेयर/प्रोग्राम अपग्रेडेशन टू 6 ट्रैक मशीन (DUO-8081, DUO-8094, DUO-3323, DUO-3325, UNI-8292 & UNI-8301), **टेण्डर नं.:** डबल्युसीआर बीपीएल टीएम 25 डब्लू 22 दिनांक 13.02.2026, **निविदा का अनुमानित मूल्यः** रू. 6,44,75,701.50/-, **बयाना राशिः** रू. 4,72,400/-, **समापन अवधिः** 18 महीने, **खुलने की तिथिः** 09.03.2026।

**उप.मुख्य अभियंता (टी.एम.), पमरे, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**भारतीय खाद्य निगम**
**Food Corporation of India**
**ज़ोनल स्पोर्ट्स प्रमोशन कमिटी (ई-मेल: zspcwz@fci.gov.in)**
आंचलिक कार्यालय (पश्चिम), भा. खा. नि., राजेन्द्र नगर, दत्तपाडा रोड, बोरिवली (पूर्व), मुंबई-400066

**नोटिस**

भारतीय खाद्य निगम, आंचलिक कार्यालय (पश्चिम अंचल) बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स और टेबल टेनिस में 15-24 वर्ष की आयु वर्ग (दिनांक 01.04.2026 तक) के मेधावी स्टाइपेंड खिलाड़ियों से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रीमियर और एलीट श्रेणी में छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है, जिसकी आवेदन करने की अंतिम तिथि 24.02.2026 है|

**अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें:**
https://fci.gov.in/zone/admin/storage/ckeditor/Ad_Stipend_1768801736.pdf

**पावरग्रिड POWERGRID**

**सूचना**

1. विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1) (डी) के साथ पठित धारा 62 के तहत और केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (व्यवसाय का संचालन) विनियमावली, 2023 के विनियमन 15 (1) (ए) और विनियम 23 के साथ पठित केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (टैरिफ विनियमावली के नियम एवं शर्तें) 2024 के तहत डीओसीओ से 31-03-2029 तक टैरिफ के निर्धारण के लिए याचिका, **आस्ति-1** : दुर्ग एस/एस में 01 अदद 765/400/33 केवी 500 एमवीए सिंगल फेज ऑटो ट्रांसफार्मर, **आस्ति-2** : रंगपो एस/एस में 01 अदद 400/220 केवी 105 एमवीए सिंगल फेज ऑटो ट्रांसफार्मर और **आस्ति-3** : वर्धा एस/एस में 01 अदद 765 केवी 110 एमवीएआर सिंगल फेज रिएक्टर **"ईआरपीसी और डब्ल्यूआरपीसी अनुशंसाओं के अनुसार ट्रांसफार्मर और रिएक्टर का प्रापण"** के तहत।
उपरोक्त ट्रांसमिशन प्रणाली के लाभार्थी हैं : (1) एमपीपीएमसीएल, जबलपुर (2) एमएसईडीसीएल, मुंबई (3) जीयूवीएनएल, वडोदरा (4) बिजली विभाग, गोवा सरकार, पणजी (5) डीएनएचडीडीपीसीएल, सिल्वासा (6) सीएसपीडीसीएल, रायपुर
2. टैरिफ विवरण :
परियोजना की एससीओडी : 26-03-2024
परियोजना हेतु एफआरए अनुमोदित लागत : रू. 4215.43 लाख
अनुमानित परिपूर्णन लागत : रू. 4504.75 लाख

**टैरिफ ब्लॉक 2024-29 हेतु ट्रांसमिशन टैरिफ** रू. लाख में

| आस्ति संख्या | आस्ति का नाम और अवस्थिति | सीओडी | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **आस्ति-1** : दुर्ग एस/एस में 01 अदद 765/400/33 केवी 500 एमवीए सिंगल फेज ऑटो ट्रांसफार्मर, | 31.07.2024 | 157.30 | 302.43 | 317.93 | 310.45 | 303.05 |
| 2 | **आस्ति-2** : रंगपो एस/एस में 01 अदद 400/220 केवी 105 एमवीए सिंगल फेज ऑटो ट्रांसफार्मर | 20.09.2025 | 0.00 | 60.76 | 145.75 | 155.13 | 155.56 |
| 3 | **आस्ति-3** : वर्धा एस/एस में 01 अदद 765 केवी 110 एमवीएआर सिंगल फेज रिएक्टर। | 31.10.2025 | 0.00 | 70.65 | 179.14 | 182.62 | 178.79 |

4. इस सूचना और टैरिफ के निर्धारण हेतु किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट **www.powergrid.in** पर प्रकाशित की गई है।
5. आवेदन में दिए गए टैरिफ के निर्धारण हेतु प्रस्तावों के संबंध में सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई, लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सचिव, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, छठा एवं 7वां एवं 8वां तल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 (अथवा अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) को तथा उसकी एक प्रति आवेदक को इसके कारपोरेट कार्यालय के पते पर इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर प्रेषित की जानी चाहिए।

**स्थान : गुरुग्राम** हस्ता./-
**दिनांक : 09.02.2026** **वरि. उप महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)**

PG/CC/Notice-84/Advt-104/2025-26/Sanket

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उद्यम)**
पंजीकृत कार्यालयः बी-9, कुतब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
कॉर्पोरेट कार्यालयः "सौदामिनी", प्लाट नंबर 2, सेक्टर-29, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
वेबसाइटः www.powergrid.in, सीआईएनः एल40101डीएल1989जीओआई038121

एक महारत्न पीएसयू

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

**सहायक की भर्ती - 2025**

भारतीय रिज़र्व बैंक अपने विभिन्न कार्यालयों में सहायक के 650 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद के लिए चयन दो चरणों में आयोजित होने वाली देशव्यापी केंद्र-वार ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा और भाषा दक्षता परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। सम्पूर्ण विज्ञापन बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर फ़रवरी 2026 के तीसरे सप्ताह में उपलब्ध होगा और इसे एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ / रोज़गार समाचार में भी प्रकाशित किया जा रहा है। आवेदन पत्र बैंक की वेबसाइट के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

**महत्वपूर्ण तारीखें:**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अवधि** | **16 फरवरी 2026 – 08 मार्च 2026** |
| **ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा की तारीख (अनंतिम)** | **11 अप्रैल 2026** |
| **ऑनलाइन मुख्य परीक्षा की तारीख (अनंतिम)** | **07 जून 2026** |

**"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल / एसएमएस / टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"**

**माननीय न्यायमूर्ति एस.पी. तालुकदार एक सदस्यीय समिति**
**5 काउंसिल हाउस स्ट्रीट, कोलकाता - 700 001**

**एनेक्स, वारिस, पिनकॉन, पैलान, रामेल, कोलकाता वियर, विबग्योर, टॉवर इन्फोटेक, जीबीसी इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन, टोगो रिटेल मार्केटिंग, आर एन पॉलीमर, टीचर्स वेलफेयर, बेसिल इंटरनेशनल, रियल ट्यूलिप इंडस्ट्रीज, एमपीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज से संबंधित अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

जस्टिस एस. पी. तालुकदार वन मैन कमेटी, हाई कोर्ट, कलकत्ता, एनेक्स इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटेड ग्रुप ऑफ कंपनीज, वारिस ग्रुप ऑफ कंपनीज, पिनकॉन ग्रुप ऑफ कंपनीज, पैलान ग्रुप ऑफ कंपनीज, रामेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कोलकाता वियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड, विबग्योर ग्रुप ऑफ कंपनीज, टावर इन्फोटेक ग्रुप ऑफ कंपनीज, GBC इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन ग्रुप ऑफ कंपनीज, टोगो रिटेल मार्केटिंग लिमिटेड ग्रुप ऑफ कंपनीज, फ्ठ पॉलीमर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रुप ऑफ कंपनीज, टीचर्स वेलफेयर क्रेडिट एंड होल्डिंग ग्रुप ऑफ कंपनीज, बेसिल इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ कंपनीज, रियल ट्यूलिप इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रुप ऑफ कंपनीज और टढर ग्रुप ऑफ कंपनीज की कुछ प्रॉपर्टीज की पब्लिक नीलामी (ई-नीलामी) करने जा रही है।

इच्छुक लोगों से अनुरोध है कि वे ज्यादा जानकारी के लिए www.justicesptalukdarcommittee.com या www.sebi.gov.in पर एनफोर्समेंट' टैब में रिकवरी प्रोसीडिंग्स के तहत नीलामी नोटिस' या www.adroitvaluation.com पर जाएं।

**स्थानः कोलकाता**
**तारीख : 16 फरवरी, 2026**

**भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एस.पी. तालुकदार एक सदस्यीय समिति की ओर से )**

**CBC 15204/11/0247/2526**